अध्याय – 5 | रहीम के दोहे

QUIZ PART-03

1. **"रहिमन जिह्वा बावरी..." दोहे का सही भाव क्या है?**
   A. मधुर वाणी में बोलना चाहिए।
   B. धीरे-धीरे बोलना चाहिए।
   C. सोच-समझकर बोलना चाहिए।
   D. सदा सत्य बोलना चाहिए। (C)

व्याख्या :

2. **"जहाँ काम आवे सुई, कहा करे तलवार" का भाव क्या है?**
   A. तलवार अधिक उपयोगी है।
   B. सुई का कोई महत्व नहीं है।
   C. बड़ी वस्तु ही श्रेष्ठ होती है।
   D. हर छोटी-बड़ी चीज़ का अपना महत्व होता है। (D)

व्याख्या : सुई और तलवार के उदाहरण से बताया गया है कि प्रत्येक वस्तु का अपना महत्व होता है।

3. **'रहिमन धागा प्रेम का' में धागा किसका प्रतीक है?**
   A. धन का
   B. संबंधों का
   C. शक्ति का
   D. ज्ञान का (B)

व्याख्या : धागे के माध्यम से प्रेम और संबंधों की कोमलता को दर्शाया गया है।

4. **धागा टूटने पर उसमें क्या पड़ जाता है?**
   A. रंग
   B. चमक
   C. गाँठ
   D. पानी (C)

व्याख्या : दोहे में कहा गया है कि धागा टूटने पर जुड़ने पर भी उसमें गाँठ पड़ जाती है।

5. **'तरुवर फल नहीं खात हैं' दोहे में किस मानवीय गुण की शिक्षा दी गई है?**
   A. क्रोध
   B. परोपकार
   C. आलस्य
   D. घमंड (B)

व्याख्या : पेड़ और सरोवर के उदाहरण से दूसरों की भलाई करने का संदेश दिया गया है।

6. **विपत्ति के समय क्या पता चलता है?**
   A. धन का महत्व
   B. सच्चे मित्रों की पहचान
   C. मौसम का प्रभाव
   D. शिक्षा का मूल्य (B)

व्याख्या : विपत्ति रुपी कसौटी पर ही सच्चे मित्रों की पहचान होती है।

7. **'रहिमन पानी राखिए' में 'पानी' का एक अर्थ क्या है?**
   A. केवल जल
   B. चमक
   C. धन
   D. भोजन (B)

व्याख्या : इस दोहे में 'पानी' का अर्थ मोती की चमक, मनुष्य की प्रतिष्ठा और जल—तीनों से है।

8. **मनुष्य का 'पानी' चला जाने पर क्या होता है?**
   A. वह शक्तिशाली हो जाता है।
   B. वह प्रतिष्ठा खो देता है।
   C. वह धनी बन जाता है।
   D. वह प्रसन्न हो जाता है। (B)

व्याख्या : 'पानी' का अर्थ प्रतिष्ठा है; इसके बिना मनुष्य का कोई मूल्य नहीं रहता।

9. **'विपदा हू भली' से क्या शिक्षा मिलती है?**
   A. विपत्ति हमेशा बुरी होती है।
   B. विपत्ति से भागना चाहिए।
   C. थोड़े समय की विपत्ति भी लाभदायक हो सकती है।
   D. विपत्ति का कोई महत्व नहीं है। (C)

व्याख्या : थोड़े समय की विपत्ति हमें सच्चे हितैषियों की पहचान करा देती है।

10. **सच्चे मित्र की पहचान क्या है?**
   A. साथ खेलते हैं
   B. साथ खाने वाला
   C. मुसीबत में साथ रहने वाला
   D. केवल खुशियों में साथ देने वाला (C)

व्याख्या :